कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा

कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा ओ मैया तुम्हारा
एक जन्म क्या जन्म तक लूंगा नाम तुम्हारा
कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा ओ मैया तुम्हारा

मेरा मन कहता है दर्शन आज करुंगा
अपने दिल की बाते मां से आज कहूंगा
दिल की बाते सुनकर मैया देगी भव से किनारा
कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा ओ मैया तुम्हारा

चिंता हरने वाली सब पर कर्म करती
कितने रूप बदल कर सबकी लाज बचाती
मां शक्ति मां काली दुर्गा देती सबको सहारा
कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा ओ मैया तुम्हारा

भक्तो की सुन विनती आओ मां आ जाओ
शर्मा को भी माता दर्शन दिखलाओ
सदा सदा खुशियों में झूमे हर संसार तुम्हारा
कदम कदम पर साथ है मैया तुम्हारा ओ मैया तुम्हारा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21082/title/kadam-kadam-par-sath-hai-maiya-tumhara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |